हादसा / दमकल कर्मियों को आग बुझाने में करनी कड़ी पड़ी मशक्कत, परिवार को बमुश्किल निकाला बाहर, लाखों की क्षति

मैट्रोपोलिस सिटी के फ्लैट में धधकी आग, मचा हड़कंप

मैट्रोपोलिस सिटी में लगी आग का बुझाते दमकल कर्मी। उत्तरांचल दीप

संवाददाता
@dainikuttaranchaldeep.com

रुद्रपुर। देर रात शहर की पॉश कॉलोनी मैट्रोपोलिस सिटी के डी 1/4 के 11 नंबर के फ्लैट में अचानक आग लग गई और आग से लाखों का सामान जलकर राख हो गया। हालांकि सूचना पर पहुंची दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद काअू पाया। फ्लैट में रह रहा परिवार को भी बाहर निकाला।

जानकारी के मुताबिक मैट्रोपोलिस सिटी के डी /4 के 11 नंबर के फ्लैट में सिडकुल स्थित पुरीटच कारखाने के मालिक वाई राजपुरी का परिवार पिछले 5 वर्ष से रह रहा है। बताया जा रहा है कि शनिवार की देर रात तकरीबन दो बजे फ्लैट में आग गई। आग रेफ्रिजेरेटर में लगी थी। आग लगते ही बिजली गुल हो गई और घर में रखा इन्वर्टर भी बंद हो गया। बताया जाता है कि फ्लैट में रह रहे परिवार को बिजली जाने के बाद गर्मी का अहसास हुआ तो वह लोग जाग गये। इसी बीच उनकी माता मधुपुरी उठी तो फ्लैट में धुआं भरा देखा। इससे परिवार में हड़कंप मच गया। परिवार को किसी तरह दरवाजा तोड़ कर बाहर निकाला गया। बताया जा रहा है कि मैट्रोपोलिस सिटी में रखे फायर एक्सटिंगशर सिलिंडर जब चलाए गए तो वह भी बेकार साबित हुए। सुरक्षा गार्ड उन्हें चला ही नहीं सके। तभी आग की सूचना सिडकुल की फायर ब्रिगेड को दी। फायर बिग्रेड कर्मियों को आग बुझाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। बताया जा रहा है कि फ्लैट की खिड़कियों के शीशे तोड़कर तकरबीन 1 घंटे में आग पर काबू पाया। आग से मॉड्युलर किचन, एसी, फ्रिज, एलईटी टीवी, सीलिंग फैन, अलमारी व अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया। आग से लाखों का नुकसान होने का अुनमान है। उधर सूचना पाकर पुलिस भी पहुंच गई। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। इधर मैट्रोपोलिस सिटी के डी 1/4 के 11 नंबर के फ्लैट में लगी से कालोनी में हड़कंप मच गया और लोग फ्लैटों से बाहर निकल आये। आग को लेकर लोगों में आक्रोश है।

द बर्निंग ट्रेन बनने से बचा मैट्रोपोलिस

मुकेश गुप्ता
@dainikuttaranchaldeep.com

रुद्रपुर। मैट्रोपोलिस कालोनी का टावर द बर्निंग टेन बनते बनते रह गया। कारण था मैट्रोपोलिस प्रबधंन की मनमानी, जिसके चलते पूरा टावर आग की चपेट में आने से बच गया। दमकल कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लेने से आग से केवल एक ही फ्लैट को नुकसान हुआ नहीं तो जरा सी चूक मैट्रोपोलिस के सैकड़ों घरों के लिए नुकसानदायक बन जाती जिसकी भरपाई न तो मैट्रोपोलिस प्रबंधन नहीं कर पाता और न ही जिला प्रशासन कुछ कर पाता। रविवार तड़के जब मैट्रोपोलिस कालोनी स्थित रिवेश पुरी के के डी-1/4 फ्लेट नंबर 11 में आग लगी तो उस समय पूरा मैटोपोलिस सो रहा था। उस टावर में सैकड़ों लोग रिवेशपुरी के फ्लैट में लगी आग से अंजान सो रहे थे। रिवेश पुरी के घर ही अचानक आग लगने के बाद विद्युत आपूर्ति ठप होने पर उनकी नींद खुल गई, वह जब किचन से लगी लॉबी में पहुंचे तो उनका फ्रीज आग की लपटों से घिरा हुआ था। उन्होंने घर के लोगों को उठाया तो अंदर घर में पानी की आपूर्ति ठप होने के कारण पानी नहीं था जिससे वह आग बुझाने के प्रयास नहीं कर पाए। उन्होंने फायर हाइडेंट को देखा तो वहां पर भी पानी नहीं था और वह सूखे पड़े थे। उन्होंने नीचे आकर सायरन दबा दिया जिससे पूरे टावर में हड़कंप मच गया। उनके द्वारा इस प्रक्रिया के बीच घर में सो रही उनकी मां, पत्नी और मासूम बच्चे को किसी तरह बाहर निकाला गया। उसके बाद दमकल वाहन को सूचना दी गई। दमकल वाहन वहां पहुंच गया, लेकिन अंदर जाने का रास्ता उनको नहीं सुझा तो वह सीढ़ी लगा कर खिड़की का शीशा तोड़ कर अंदर घुसे। उसके बाद उन्होंने किसी तरह से आग पर काबू पाया। दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने के बाद जब घर के हालात देखे तो रिवेश पुरी व उनके परिवार के आंसू निकल गए। घर का पूरा सामान जल कर खाक हो चुका था। वह फ्लैट अब रहने के काबिल नहीं रह गया था। सब्र था तो सिर्फ इस बात का कि पूरा टावर बर्निंग ट्रेन बनने से बाल बाल बच गया। नहीं तो सिलेंडर में आग लगने के बाद पूरा टावर दहशत में आ गया था कि अब सिलेंडर फटा तो अब फटा, लेकिन दमकल कर्मियों की जान पर खेल कर की कार्रवाई के बाद टावर के अन्य फ्लैट सुरक्षित बच गए। मैटोपोलिस

हाइडेंट सूखे, प्रबंधन से टकराव के बाद बंद थी पानी की आपूर्ति

वेलफेयर सोसायटी का कहना है कि प्रबंधन के मेंटेनेंस चार्ज बढ़ा देने के विरोध के चलते उनके द्वारा शनिवार से पानी की आपूर्ति ठप कर दी गई है। लाइट जाने पर न तो जनरेटर चल रहा है और न ही अन्य सुविधाएं दी जा रही हैं। दोनों के टकराव को देखते हुए आने वाले समय में टकराव और बढ़ने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता है। इस को लेकर जिला प्रशासन ने भी कदम उठाना गवारा नहीं समझा। प्रशासन सुपरटेक प्रबंधन पर हाथ डालने का साहस नहीं कर पा रहा है। यह हालात तब है जब सुपरटेक कंपनी पर सिडकुल का करोड़ों बकाया चला आ रहा है जिसकी सिडकुल के द्वारा आरसी भी काटी गई है। साथ ही स्टांप डयूटी को लेकर भी एडीएम का फैसला सुपरटेक प्रबंधन के खिलाफ सुनाया जा चुका है। यह मामला 18 करोड़ के स्टांप डयूटी कम अदा करने को लेकर चल रहा था। उधर प्रबंधन से जानकारी के लिये संपर्क किया गया तो संपर्क नहीं हो पाया। उनका मोबाइल कवरेज एरिया से बाहर बोल रहा।

मैट्रोपोलिस सिटी के लोगों ने सौंपा डीएम को ज्ञापन

रुद्रपुर। मैट्रोपोलिस सिटी में रह रहे लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे और उन्होंने डीएम डा.नीरज खैरवाल से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने डीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मैट्रोपोलिस सिटी प्रबंधन पर मेंटिनेंस के नाम पर व्यवस्था दुरुस्त न होने का आरोप लगाते हुये कार्रवाई की मांग की। उन्होंने डीएम को बताया कि मैनेजमेंट के अधिकारी उच्च वेतन, सुविधाओं का बोझ निवासियों पर डाल रहे हैं। सुविधाओं के नाम पर शून्य है। निवासियों का कहना है कि वर्तमान में जो एक रुपिया प्रति वर्ग फुट की दर से जो कैम चार्जेज लिया जा रहा है। इसको लेकर विवाद चल रहा है। इस संबंध पिछले दिनों एसडीएम ने स्थिति को जानने के लिए दौरा किया था। इसके अलावा मैट्रोपोलिस सिटी की निर्माण संस्था सुपरटेक के उच्च अधिकारियों व समितियों के पदाधिकारियों के बीच 25 अगस्त को मैराथन बैठक हुई थी, लेकिन कोई समझौता नहीं हो सका। इससे उपजे आक्रोश को देखते हुए मैनेजमेंट के अधिकारी व कर्मचारी मैट्रोपोलिस छोड़कर चले गए हैं। डीएम से मिलने वालों में देवेन्द्र शाही, मधु राय, सुशील गाबा आदि मौजूद थे।

NEWS / फटाफट

राम रहीम पर टिप्पणी करने पर दो भाइयों में मारपीट

काशीपुर। राम रहीम पर टिप्पणी को लेकर दो भाइयों के बीच मारपीट हो गई। पड़ोसियों ने उनके मध्य बीच-बचाव कराया। टांडा उज्जैन में एक व्यक्ति राम रहीम का अनुयायी है। विगत दिनों हुए बवाल को लेकर दो भाई आपस में भिड़ गए। उनके बीच विवाद तूल पकड़ गया और नौबत मारपीट तक जा पहुंची। आवेश में बड़े ने छोटे भाई की पिटाई कर दी। लोगों ने बामुश्किल बीच बचाव कराया। छोटे भाई ने अस्पताल पहुंचकर उपचार कराया। यह मामला दिन भर चर्चा में रहा।

युवती समेत दो ने खाया जहर

रुद्रपुर। अज्ञात कारणों के चलते एक युवती समेत दो लोगों ने विषैले पदार्थों का सेवन कर आत्महत्या करने का प्रयास किया। दोनो को गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के मुताबिक कोतवाली बिलासपुर के आदर्श नगर निवासी मीना सरकार ने रविवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में कीटनाशक पदार्थ सेवन कर लिया। उसे आनन फानन में परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। इसके अलावा थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र निवासी वीरेंद्र ने भी अज्ञात कारणों के चलते देर रात विषैला पदार्थ गटक लिया। इससे उसकी गंभीर बिगड़ गई। उसकी हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे अन्यत्र रेफर कर दिया।

सिडकुल में गणेश महोत्सव की मची धूम

रुद्रपुर। गणपति बप्पा मोरया के जयघोषों के साथ सिडकुल की समृद्धि कंपनी में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गयी। इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा ने भगवान का आशीर्वाद प्राप्त कर सभी को बधाई दी। इस दौरान पूर्व पालिकाध्यक्षा ने कहा कि रुद्रपुर को मिनी इण्डिया के रुप में जाना है और यहां पर सभी वर्गों के लोग रहते हैं। जिस कारण यहां पर देश भर की संस्कृति एक साथ देखने को मिलती है। प्लान्ट हैड कृष्ण मुरारी ने स्मृति चिन्ह सौंपकर उन्हें किया। उन्होने बताया कि सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम मे भगवान गणेश महोत्सव को धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। इस मौके पर कांग्रेसी नेता अनिल शर्मा, चन्द पाल सिंह, जितेन्द्र सिंह, प्रदीप राय, राम प्रकाश, पवन कुमार आदि मौजूद थे।

मारपीट का मुकदमा दर्ज चार आरोपी गिरफ्तार

काशीपुर। ग्राम बरखेड़ा पांडे में 10 दिन पूर्व दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में आईटीआई पुलिस ने दूसरे पक्ष की तहरीर पर भी रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने एक पक्ष के चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। बरखेड़ा पांडे में 18 अगस्त को दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई थी। इस मामले में दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी थी। पुलिस ने दो दिन पूर्व परमहंस की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस ने इस मामले में नामजद चार आरोपियों इकरार, राहुल, शराफत अली, मुजक्किल को गिरफ्तार कर लिया। वही पुलिस ने दूसरे पक्ष के राहुल चौधरी की तहरीर पर परमहंस और उसके तीनों पुत्रों अनिल, कपिल, सचिन, चंद्रसेन, अरविंद के खिलाफ मारपीट के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया।

बैंक अधिकारी से अभद्रता आरोपी के खिलाफ तहरीर

संवाददाता
@dainikuttaranchaldeep.com

रुद्रपुर। बैंक की बकाया किश्ते वसूल करने गए अधिकारी के साथ एक डिफाल्टर ने अभद्रता करने का मामला प्रकाश में आया है। बैंक अधिकारी ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

जानकारी के मुताबिक इंडस बैंक लिमिटेड में बतौर मार्केटिंग ऑफिसर तैनात रेहान मलिक ने पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि खेड़ा निवासी एक व्यक्ति ने उनकी बैंक से एक मोटरसाइकिल फाइनेंस कराई थी जिस पर 42000 का लोन लिया था और मय ब्याज के कुल 60760 रुपए जावेद को अदा करने थे। बैंक अधिकारी ने बताया कि जावेद पर वर्तमान में बैंक का 44471 रुपए बकाया है और वह किस्त नहीं चुका रहा है। बताया कि जब वह रेहान की दुकान पर ऋण वसूली के लिये गया और बैंक की बकाया किस्तें जमा करने या फिर मोटरसाइकिल बैंक के हवाले करने की बात कही।

आरोप है कि रेहान ने उससे अभद्रता की। बैंक अधिकारी के मुताबिक रेहान ने लोन की बकाया किस्तें चुकता करने से इंकार कर दिया और दोबारा किश्त लेने आने पर जान से मारने की धमकी दी। उधर कोतवाल तुशार बोरा ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। चौकी प्रभारी से जानकारी लेने पर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

राम रहीम के अनुयायियों पर नजर रखे है पुलिस

काशीपुर। बाबा राम रहीम के अनुयायियों की ओर से शांति भंग करने की किसी प्रकार के प्रयास को विफल करने को लेकर पुलिस सजग और तैयार है। एएसपी डॉ. जगदीश चंद ने कहा कि पुलिस यहां बाबा राम रहीम के अनुयायियों पर नजर रखे हुए है। किसी प्रकार की घटना से निपटने के लिए सभी थाना चौकियों को सजग कर दिया है। दंगा रोधी वाहन और साजो सामान तैयार है। पुलिस मुस्तैदी से स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। जिले में धारा 144 लगी है, पुलिस इसका मुस्तैदी से पालन कर रही है। डॉ. जगदीश चंद ने बताया कि क्षेत्र में शांति है। इसके बावजूद पुलिस स्थिति पर नजर रखे हुए है। सभी थानों व चौकियों को आपस में संपर्क बनाए रखने और किसी प्रकार की घटना होने पर निपटने को तैयार रहने का निर्देश दिया गया है।

मुखर्जीनगर में युवक फांसी पर झूला, मौत

संवाददाता
@dainikuttaranchaldeep.com

रुद्रपुर। थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में एक युवक ने अज्ञात कारणों चलते फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में ले लिया और पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

जानकारी के मुताबिक यहां मुखर्जीनगर में किराये पर रह रहा पीलीभीत के पूरनपुर निवासी सुनील नामक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इसी बीच सूचना पर एसआई भुवन चन्द्र आर्य पहुंचे।

उन्होंने लोगों से जानकारी लेने के बाद शव को कब्जे में ले

आत्महत्या

- मृतक पीलीभीत के पूरनपुर का निवासी, परिजनों को दी सूचना

लिया। बताया जा रहा है कि सुनील मुखर्जी नगर में किराये पर रह कर मजदूरी करता था और वह पिछले 3 माह से किराये पर रहा था।

कालोनी के लोगो के मुताबिक सुनील के साथ ही पंकज नाम का युवक भी साथ रह रहा। पुलिस ने बताया कि सुनील ने गले में बांध गमछा लोहे के एंगल में फंसाया था। युवक के आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चला। उसके परिजनों को भी इस बाबत सूचना दे दी है।

सीनियर व अण्डर 23 महिला क्रिकेट ट्रायल चार सितम्बर से

गदरपुर। उत्तरप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की सीनियर वर्ग की व अण्डर 23 वर्ग की महिला क्रिकेट टीम चयन के लिए ट्रायल चार सितम्बर को कमला क्लब कालपी रोड कानपुर में आयोजित किया जा रहा है।

क्रिकेट एसोसिएशन आफ उधम सिंह नगर के पदाधिकारी नूर आलम ने बताया कि दोनों वर्गों की जो भी महिला क्रिकेट खिलाड़ी प्रतियोगिता के ट्रायल में प्रतिभाग करना चाहती हैं वह अपना पंजीकरण एक सितम्बर तक करवा लें। जिला उधम सिंह नगर की महिला खिलाड़ी ट्रायल में प्रतिभाग करने के लिए क्रिकेट एसोसिएशन आफ उधम सिंह नगर के कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

शौचालय निर्माण को प्रोत्साहन राशि का चेक सौंपा

संवाददाता
@dainikuttaranchaldeep.com

रुद्रपुर। मेयर ने सोनी कोली ने व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए प्रोत्साहन राशि के रुप में 2000 हजार के चेक के 32 लाभार्थियों को दिये गये। इस दौरान मुख्य नगर अधिकारी भी मौजूद रहे।

बताया कि प्रथम किस्त 2000 रुपये दी गई, द्वितीय किस्त 3300 रुपये दिया जाएगा। इसके उपरान्त नगर निगम की ओर से 5000 रुपये और बोर्ड फंड से दिये जाने को लेकर मेयर ने कहा कि कुल 10300 रुपये दिया जाएगा। इस मौके पर मेयर ने कहा कि रुद्रपुर शहर को खुले में शौच मुक्त बनाया जाएगा। खुले में शौच करने से होने वाले खतरनाक बीमारियों से राहत मिलेगी।

उन्होंने लोगो से खुले में शौच न करने की अपील की। कहा कि रुद्रपुर में स्वच्छ भारत के अंतर्गत मिशन को सफल बनाने के लिए जो लोग अभी भी खुले में शौच करते है उन्हें नगर निगम की ओर से शौचालय उपलब्ध कराया जाएगा।

इस मौके पर भाजपा नेता सुरेश कोली, पार्षद धीरेन्द्र भट्ट, रविन्द्र कुमार मौर्य, उप नगर अधिकारी डीके तिवारी, इरफान अली, रमित रजवार, साधना राना, ममता आर्या आदि लोग मौजूद थे।

विजयनगर नई बस्ती में किरायेदारों का सत्यापन

संवाददाता
@dainikuttaranchaldeep.com

काशीपुर। अपर पुलिस अधीक्षक डा. जगदीश चन्द्र के निर्देशन में पुलिस ने विजय नगर नई बस्ती क्षेत्रा में किरायेदारों का सत्यापन अभियान चलाया।

कोतवाली पुलिस के वरिष्ठ उपनिरीक्षक वीसी रमोला व उपनिरीक्षक जयपाल सिंह चौहान व दरोगा पीडी जोशी ने पुलिस फोर्स के साथ विजय नगर पहुंचे तथा अभियान शुरू किया। इस दौरान 70 किरायेदारों का सत्यापन किया गया। गौरतलब है कि इससे पूर्व पुलिस मधुवन नगर व ग्राम कचनाल गाजी अंतर्गत कुमांऊ कालोनी एवं शहर में मौहल्ला किला से सटी काली बस्ती में किरायेदारों व श्रमिकों का सत्यापन कर चुकी है। एसएसआई

रमोला ने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा।

सड़क हादसों में पांच घायल

संवाददाता
@dainikuttaranchaldeep.com

काशीपुर। अलग-अलग स्थानों पर हुई मार्ग दुर्घटनाओं में पांच लोग घायल हो गये। कुछ घायलों को सरकारी अस्पताल व कुछ को निजी अस्पतालों में भर्ती कराया है।

रामनगर रोड हेमपुर डिपो निवासी विजय पुत्र रामजी एवं वहीं का निवासी अशोक कुमार बाइक से रामनगर से हेमपुर डिपो आ रहे थे कि पीरूमदारा के पास उनकी बाइक में तेज गति से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे वह दोनों बाइक से छिटक कर सड़क किनारे गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सलीम की बाइक में जिस व्यक्ति ने टक्कर मारी वह शराब तस्कर था। जब सलीम की बाइक में टक्कर हुई तो उसकी मोटरसाईकिल की सीट पर बंधी एक बोरी में अवैध कच्ची शराब की सैकड़ों थैली बोरी फटकर बिखर गयीं।

36 घंटे बाद भी लूट की रिपोर्ट नहीं हुई

काशीपुर। झोपड़ी में सो रही दो बहनों को बंधक बनाकर पांच हजार की नगदी, जेवर लूटे जाने के मामले में आईटीआई थाना पुलिस ने 36 घंटे बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। थाना प्रभारी का कहना है कि प्रारंभिक जांच में यह वारदात संदिग्ध पाई गई है। ग्राम हेमपुर इस्माइल निवासी चाय विक्रेता सतीश ने पुलिस को तहरीर दी थी कि बृहस्पतिवार रात अज्ञात युवक उनकी झोपड़ी में घुस आए। लुटेरों ने उसकी दो पुत्रियों वंदना, पार्वती को बंधक बनाकर पांच हजार रुपये, तीन तोला सोने के जेवरात लूट लिए। थाना अध्यक्ष जसवीर सिंह ने बताया कि घटना को लेकर सतीश हर बार बयान बदल रहा है। पहले उसने लूट न होने की बात कही, उसके बाद उसने लुटेरों के कार से आने की बात कही। सीओ राजेश भट्ट ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने पर रोष

संवाददाता
@dainikuttaranchaldeep.com

काशीपुर। रिश्ते में आड़े आने पर एक युवती ने फेसबुक पर प्रेमी की बुआ का फोटो लगाकर उस पर आपत्तिजनक पोस्ट लगा दी। इस पोस्ट पर तमाम अश्लील कमेंट आने से परिजन सकते में आ गए। पीड़ित पक्ष की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई है।

मोहल्ला कटरामालियान निवासी एक व्यक्ति ने शनिवार को पुलिस को तहरीर दी। बताया कि उसकी पत्नी का भाई थाना हल्दौर जिला बिजनौर यूपी में रहता है। उसके भतीजे का वहीं की निवासी एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस बात की भनक लगने पर उसकी पत्नी ने अपने भतीजे को डांटा और अपने भाई से शिकायत कर दी। इस पर युवक के परिजनों ने उसे फटकार लगाते हुए दोनों के मिलने-जुलने पर रोक लगा दी। परिजनों के दबाव में युवक भी उससे बचने लगा। बुआ द्वारा रिश्ते का विरोध करने की बात युवती को पता चली तो उसने युवक की बुआ से बदला लेने की ठान ली। आरोप है कि उक्त युवती ने अपने कथित प्रेमी की फेसबुक आईडी का दुरुपयोग कर उसकी बुआ के बारे में आपत्तिजनक पोस्ट अपलोड कर दी। साथ में युवक की बुआ की फोटो भी लगा दी। इस पोस्ट पर अन्य कई यूजर्स ने भी अश्लील कमेंट कर दिए। तहरीर के साथ फेसबुक पोस्ट की स्क्रीन शॉट भी संलग्न की गई है। बताया गया है कि उक्त युवती ने फोन पर 50 हजार रुपये की मांग भी की है। उपनिरीक्षक सत्येंद्र कुमार मामले की जांच कर रहे है।

आक्रोश / केन्द्रीय मंत्री को पत्र भेजकर हादसों से राहत दिलाने की मांग

एनएच में कट की दूरी कम करने को लेकर प्रदर्शन

संवाददाता
@dainikuttaranchaldeep.com

गदरपुर। राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर महतोश के पास बने कट को लेकर जनप्रतिनिधियों व लोगों ने कट की दूरी 100 मीटर किये जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य के नेतृत्व में केन्द्रीय मंत्री को ज्ञापन भेजा गया।

जिला पंचायत सदस्य राजेश बजाज के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने महतोश मोड़ पर एनएचआई के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसके उपरान्त केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री, सांसद नैनीताल व डीएम को पत्र भेजा गया। पत्र में कहा गया कि एनएच-74 पर महतोश मोड़ के पास कट की वजह से प्रतिदिन 5-10 एक्सीडेन्ट हो रहे हैं। महतोश मोड़ कट 200 मीटर रुद्रपुर की साइड में खोला गया है

एनएचआइ पर प्रदर्शन करते लोग। उत्तरांचल दीप

जिसके कारण दोनों दिशाओं में वाहनों की विपरीत दिशा में आने सामने फुल स्पीड पर जाना पड़ता है। वहीं कट की दूरी अधिक होने के कारण हो दुर्घटनाओं से जनता में रोश व्याप्त है। पत्र में लोगों ने कट की दूरी गदरपुर साइड से 100 मीटर कम करने की मांग की है।

प्रदर्शन करने वालों में मुकेश कुमार, परितोष हल्दार, नवीजान, जोगेश चन्द सरकार, गोपाल सरकार, विनोद सिंह, मनोज, कृपाल सिंह, अशोक बजाज, मनजीत सिंह, अब्दुल हसन, मनोज सेठी, प्रदीप सरकार, सद्दाम हुसैन, बल्देव कक्कड़, शरीफ अहमद मंसूरी, जगजीत सिंह सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।